कार्यालय प्राचार्य, आदर्श उ0मा0वि0 सिविल लाइन्स, रीवा (म0प्र0)
(माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश , भोपाल द्वारा संचालित)
E-mail address- mhssrewa@gmail.com Phone – (07662) 233943–297943

आ.वि. / प्रवेश / सूचना / 12069 / 2020 रीवा, दिनांक : 03.08.2020

कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु सूचना के सम्बंध में संशोधन एवं स्पष्टीकरण

सत्र 2020–21 हेतु कक्षा 9 वीं में प्रवेश प्रक्रिया के लिए दिनांक 05.08.2020 को प्रातः 11 बजे से आयोजित ऑनलाइन प्रक्रिया के लिए प्रसारित सूचना क्र. 12059 दिनांक 29.07.2020 के सम्बंध में निम्नानुसार संशोधन एवं स्पष्टीकरण समस्त आवेदकों हेतु प्रसारित किये जाते हैं।

1. **प्रसारित की गई प्रवेश सूचना में उल्लेखित दिशा –निर्देश के बिन्दु क्र. को संशोधित कर निम्नानुसार प्रतिस्थापित किया जाता है–** ''कोविड–19 महामारी से निर्मित परिस्थितियों एवं संभावित स्थितियों को दृष्टिगत रखते हुये केवल सत्र 2020–21 के लिये कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु "A" ग्रेड या अधिक ग्रेड धारित करने वाले प्रवेशार्थियों को ''पहले आओ, पहले पाओ'' (First Come, First Serve) के नियम से ऑनलाइन पंजीकृत आवेदकों को पंजीयन समय अनुसार तैयार की गई Time based प्राथमिकता सूची द्वारा निर्धारित सीटों पर प्रवेश दिया जावेगा।''
2. **प्रवेश हेतु प्रकाशित सूचना में उल्लेखित चयन प्रक्रिया के बिन्दु क्र.01 को निम्नानुसार संशोधित कर प्रतिस्थापित किया जाता है–** ''ऑनलाइन पंजीकृत आवेदकों की सूची में से पंजीयन समय के बढ़ते क्रम में तैयार की गई Time based प्राथमिकता सूची के अनुसार सबसे पहले पंजीकृत 120–120 आवेदकों की माध्यमवार पृथक–पृथक प्रवेश हेतु चयन सूची ऑनलाइन प्रसारित की जावेगी, चयनित प्रवेशार्थियों को निर्धारित अवधि में ऑनलाइन एडमिशन फार्म एवं प्रवेश हेतु देय शुल्क जमा कर दस्तावेजों का सत्यापन संस्था में करवाकर अपना प्रवेश सुनिश्चित करना होगा।''
3. ऑनलाइन पंजीयन फार्म भरने हेतु आवेदको को ग्रेड के साथ साथ कक्षा 8 वीं के प्राप्तांक, पूर्णांक एवं प्रतिशत को भी रजिस्ट्रेशन फार्म में दर्ज करना होगा।
4. कोविड–19 के कारण यदि किसी प्रवेशार्थी को कक्षा 8 वीं में जनरल प्रमोशन द्वारा उत्तीर्ण घोषित किया गया है तो ऐसे प्रवेशार्थी , त्रैमासिक (First term) एवं अर्द्धवार्षिक (Second term) परीक्षाओं के प्राप्तांक, पूर्णांक , प्रतिशत एवं ग्रेड को रजिस्ट्रेशन फार्म में अंकित कर "A" या अधिक ग्रेड बनने पर पंजीयन हेतु पात्र होगे।
5. पहले आओ पहले पाओ (First Come, First Serve) पद्धति से ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया आयोजित होने के कारण ऐसे पंजीकृत प्रवेशार्थी ही Time based प्राथमिकता सूची में दर्ज हो सकेगें जिनके द्वारा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फार्म Submit करने के उपरांत पंजीयन शुल्क के सफलतापूर्वक भुगतान (Successful Transaction) की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। पुष्टि हेतु पंजीकृत आवेदकों को रजिस्ट्रेशन फार्म का **''भुगतान है''** पेज का प्रिंटआउट सुरक्षित रखना होगा एवं सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना।

प्राचार्य
आदर्श उ.मा.वि.
सिविल लाइन्स, रीवा (म.प्र.)